हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 30 दिसंबर 2023

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]




विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने की जांच में लापरवाही की पुष्टि

# इलाज में लापरवाही, अपोलो के 4 डॉक्टर गिरफ्तार, रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इलाज में लापरवाही और उसके बाद सबूत मिटाने वाले अपोलो हास्पिटल के चार डॉक्टरों डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. राजीव लोचन भांजा, डॉ. मनोज राय और डॉ. सुनील केडिया के खिलाफ सरकंडा थाने में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया, बाद में सभी डाक्टरों को मुचलका जममानत पर छोड़ भी दिया गया।

सरकंडा पुलिस के अनुसार 26 दिसंबर 2016 को अपोलो अस्पताल से एक मेमो मिला, जिसमें आदर्श कॉलोनी दयालबंद निवासी गोल्डी उर्फ गुरवीन छाबड़ा पिता परमजीत सिंह छाबड़ा 29 वर्ष ने सल्फास पाइजनिंग से मृत्यु होने के संबंध में लिखा था। कोतवाली थाने में मर्ग कायम कर धारा 174 के तहत जांच की गई। जांच के दौरान मृतक के परिजनों द्वारा अपोलो अस्पताल प्रबंधन और संबंधित डॉक्टरों द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने और गलत उपचार करने के संबंध में शिकायत की। जांच में मृतक का पोस्टमॉर्टम सिम्स अस्पताल से कराया गया, जब्तशुदा प्रदर्शों का परीक्षण राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर से कराया गया, मृत्यु के संबंध में संभागीय मेडिकल बोर्ड छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर के मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा अपोलो अस्पताल प्रबंधन एवं संबंधित डॉक्टरों द्वारा इलाज के दौरान लापरवाही बरतने के संबंध में उल्लेख किया गया।




### मर्ग, मेडिकल बोर्ड व विशेषज्ञों की रिपोर्ट में दोषी

इस संबंध में डायरेक्टर संचालनालय मेडिकोलीगल संस्थान गृह (पुलिस) विभाग मेडिकोलीगल विशेषज्ञ और मेडिकोलीगल सलाहकार छत्तीसगढ़ शासन जेल रोड मेडिकल कालेज भवन रायपुर से 27 सितंबर 2023 को रिपोर्ट मिली। इसमें विशेषज्ञ ने डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन द्वारा लापरवाही किए जाने के संबंध में उल्लेख किया। मर्ग जांच, मेडिकल बोर्ड, विशेषज्ञ की जांच रिपोर्ट के आधार पर मृतक गोल्डी उर्फ गुरवीन छाबड़ा की मृत्यु इलाज के दौरान अपोलो अस्पताल प्रबंधन बिलासपुर एवं संबंधित डॉक्टरों की लापरवाही से होना पाया गया।

## राजस्व दस्तावेज में काटछांट महिला पटवारी निलंबित

**बिलासपुर।** एसडीएम सूरज साहू ने हल्का नंबर-24 ग्राम सेमरताल की पटवारी गरिमा द्विवेदी (प्रिया द्विवेदी) के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। पटवारी के खिलाफ ग्राम रमतला के भूमि खसरा नंबर 174 के बटांकन आदेश पर बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के प्रविष्टि दर्ज करने के साथ काट-छांट करने की शिकायत की गई थी। एसडीएम ने जांच के लिए कमेटी गठित की थी, जिसनें जांच में छग सिविल सेवा आचरण नियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाया, जिसके बाद निलंबन की कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में महिला पटवारी का मुख्यालय बिलासपुर तहसील होगा।

## न्यू ईयर: 12.30 तक फोड़ सकेंगे पटाखे

**बिलासपुर।** नव वर्ष पर पटाखे फोड़ने की अवधि तय की गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवनीश शरण ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एवं सुप्रीम कोर्ट की आदेशों के अनुरूप जिले में पटाखों के उपयोग के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार नए वर्ष के अवसर पर रात 11.55 बजे से रात 12.30 बजे तक पटाखे जलाए जा सकेंगे। कलेक्टर श्री शरण ने निर्देश में कहा है कि पटाखों के जलाने से ठंड के समय वायु पदूषण होने के कारण राज्य सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्रों में प्रति वर्ष 1 दिसम्बर से 31 जनवरी तक पटाखों का जलाया जाना प्रतिबंधित किया है। पटाखों का बहुतयात में उपयोग होने से वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है।

## बुजुर्ग से फोन-पे के माध्यम से 88 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** बुजुर्ग को उनके बैंक खाता में महीनों से लेनदेन नहीं होने और खाता बंद होने की बात करते हुए ठग ने फोन-पे के माध्यम से 88 हजार 442 रूपए की ठगी कर ली। बुजुर्ग के बेटे ने जब फोन में आए मैसेज को देखा तो उसे ठगी की जानकारी हुई। उन्होंने साइबर और सिरगिट्टी थाना पहुंच मामले के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। तिफरा कुंदरापारा निवासी सुरेश कुमार यादव को शुक्रवार दोपहर अनजान नंबर से फोन आया, उन्हें यूनियन बैंक के कर्मचारी होने की बात कही और सुरेश कुमार को उनके बैंक खाते से महीनों से लेनदेन नहीं होने व खाता बंद होने की बात कही, इस दौरान उसने सुरेश कुमार को उनके मोबाइल से कुछ नंबर दबाने को कहा रात में उनके खाते से फोन-पे के माध्यम से 44 हजार 221 रूपए कट गए, इसके कुछ देर बाद उसी नंबर से दोबारा फोन आया और एक बार फिर कुछ नंबर दबाने कहा गया, जिसके बाद दोबारा उनके खाते से 44 हजार 221 रूपए कट गए। इस तरह दो बार में 88 हजार 442 रूपए ठगी हो गई। सुरेश के बेटे राधेश्याम ने व्यापार विहार स्थित बैंक पहुंच मामले की जानकारी दी। इसके बाद सायबर थाना और सिरगिट्टी पुलिस में मामला दर्ज कराया।

एक बड़ी खबर..

Bilaspur के Jagannath Mangalam, पुराना बस स्टैंड रोड में सिर्फ़ 3 दिन

**ब्रांडेड गारमेंट्स व वूलेन गारमेंट्स**

ब्रांडेड फैक्ट्रियों का करोड़ों का न्यू फ्रेश स्टॉक ताबड़ तोड़ बेचकर ख़त्म कर दिया जायेगा

**upto 90% फैक्टी आऊटलेट डिस्काउण्ट**

15 जनवरी 2024 से पहले कंपनियां अपने 2023 व पहले का न्यू फ्रेश विंटर व समर गारमेंट्स के स्टॉक का 90%डिस्काउंट तक देकर 3 दिनों में बिक्री कर ख़त्म कर देना चाहती है, जिससे आउटलेटों और शोरूमों पर 2024 का न्यू स्टॉक सप्लाई किये जा सके.

**BUMPER बिक्री .... ONLY 3 DAYS**



इस वूलन गारमेन्ट्स सेल के डिस्काउण्ट को आप कभी भूल नहीं पायेंगे

मुलायम फैब्रिक से बने कॉटन एवं विन्टर गारमेन्ट्स की सिलाई इन्टरनेशनल मशीनों द्वारा की जाती है।

जेंट्स लेडिस किड्स के लिए ब्रांडेड जीन्स ट्राउज़र्स 100% कॉटन शर्ट, टी-शर्ट ट्रैक पैंट लेडिस में प्योर कॉटन व कुर्ती टी-शर्ट टॉप प्लाज़ो लोअर जीन्स पैंट एवं हज़ारों वैरायटी के अनेक आइटम्स में से जिनके शोरूम रेट्स 1000/- से 2500/- तक हैं,

**यह सभी आइटम्स अब डायरेक्ट 200/- से 550/-में बिक्री किये जायेंगे.**

**विंटरवियर** : जेंट्स, लेडिस, किड्स के विंटर वियर लेडिस जैकेट कार्डिगन टॉप स्वेत शर्ट स्वेटर लॉन्ग कुर्ती व अनेको आइटम्स में से जिनके शोरूम रेट्स 2500 से 4000 रु तक है, सभी विंटरवियर अब

**डायरेक्ट 200/- से 750/-में बिक्री किये जायेंगे.**

ORIGINAL SHIRTS
Official, Party Wear, Casual Wear
~~MRP 900/- to 1500/-~~
Only ₹ 450 to 550/-

BRANDED JEANS ₹ 550 to 750

BRANDED GENTS JACKET
~~1200~~/- to ~~2500~~/-₹ 350/- to 750/-

BRANDED KURTI
~~MRP 900/- to 1860/-~~
Only ₹ 350/- to 550/-

लेडिस स्वेट शर्ट/ कार्डिगन
₹ ~~1500/- to 2500/-~~
450/- to 950/-

| | | |
|---|---|---|
| GENTS WOOLEN T-SHIRT | ~~890/-~~ | 150/- |
| GENTS LOWER | ~~950/-~~ | 150/- |
| LADIES PLAZO & LAGGIES | ~~300/-~~ | 150/- |
| BABY TOP | ~~699/-~~ | 150/- |
| BABY JEANS | ~~750/-~~ | 150/- |
| KIDS WOOLEN KURTI | ~~390/-~~ | 150/- |
| KIDS T-SHIRT | ~~490/-~~ | 150/- |

KIDS WEAR UNLIMITED STOCK
Only from 100/- to 450/-

बच्चा स्वेटर • हूडी • पुलोवर मात्र 250/- to 350/- में

मफलर • वूलेन टोपा • जेंट्स व लेडिस अंडरगारमेंट्स : 20/- to 150/- में

बिक्री स्थान :
**श्री जगन्नाथ मंगलम**
आनन्द होटल के बाज़ू, पुराना बस स्टैण्ड रोड, बिलासपुर

sumit




बिलासा की पावन नगरी में
साहू समाज के युवक-युवती
परिचय सम्मेलन
एवं नवनिर्वाचित विधायकों का हार्दिक
नंदन-वंदन-अभिनंदन...
मान. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
गेंदलाल साहू
प्रदेश कार्य. अध्यक्ष,
यु.प्र. (ओबीसी महासभा)
क्रांति साहू
प्रदेश उपाध्यक्ष, छ.ग. प्रदेश साहू संघ
अंबालिका साहू
प्रदेश उपाध्यक्ष, छ.ग. प्रदेश साहू संघ
नवनियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संजय साहू
पूर्व सचिव, प्रदेश साहू संघ
दीना प्रसाद साहू
उपाध्यक्ष, नगर साहू संघ
सेवक साहू
सामाजिक कार्यकर्ता
डॉ. जेठू साहू
समाज सेवी (फिल्म निर्माता)
जनकराम साहू
केन्द्राध्यक्ष, मंगला
अभिमन्यु साहू
उपसंचालक, पंचायत
श्रीमती गायत्री साहू
पार्षद, वार्ड क्र. 5
नगर निगम बिलासपुर
ओम.पी. साहू
अधिवक्ता, हाईकोर्ट
पूर्व महामंत्री, अ. भा. तै. महासभा
जितेन्द्र साहू
अभिषेक कंस्ट्रशन
भूपेन्द्र साहू (बिट्टू)
पूर्व संभाग महामंत्री, यु.प्र.
रामफल साहू
जनपद अध्यक्ष, प्रतिनिधि
सुनील साहू
अधिवक्ता हाईकोर्ट
हर्षद साहू (बंटी)
संभाग संयुक्त सचिव, यु. प्रको.
लक्ष्मीनाथ साहू
प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, यु. प्र.
सुकनंदन साहू
सामाजिक कार्यकर्ता
डॉ. राजेश साहू
संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ
डॉ. एस.आर. साहू
अध्यक्ष, चिकित्सा प्रकोष्ठ बिलासपुर
सुरेश साहू
सामाजिक कार्यकर्ता
शांतनु साहू
केन्द्राध्यक्ष, सिरगिट्टी
ईश्वर साहू
केन्द्राध्यक्ष, तिफरा
महेन्द्र साहू (बंटी)
सचिव, यु. प्र. प्रदेश साहू संघ

## खबर संक्षेप

### जेपी हाईट्स में विधायक अमर का किया भव्य स्वागत



**बिलासपुर।** पूर्व मंत्री स्व. अशोक राव की धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरी राव से सौजन्य मुलाकात करने शुक्रवार को नगर विधायक अमर अग्रवाल जेपी हाईट्स पहुंचे। इस अवसर पर जेपी हाईट्स विकास समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय राजपूत, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, मनोज राजपूत, श्रीमती निशा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्यों ने अमर अग्रवाल का भव्य स्वागत किया। समिति के पदाधिकारियों ने श्री अग्रवाल से बिट्टू शर्मा के निवास से बीके पांडेय के निवास तक नाली व पूजा प्राइड से जेपी हाईट्स होते हुए शिवमंदिर मार्ग की सड़क बनवाने का आग्रह किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सुश्री सुनीता मानिकपुरी, शुभमविहार कल्याण समिति के अध्यक्ष आखिलानन्द पांडेय सहित बड़ी सँख्या में लोग उपस्थित रहे।

### दिवा ऑफ छत्तीसगढ़ 2024 ब्यूटी कांटेस्ट की विनर रही पूजा



**बिलासपुर।** एसएस फाउंडेशन द्वारा दिवा ऑफ छत्तीसगढ़ 2024 ब्यूटी पेजेंट का आयोजन रायपुर में किया गया। प्रतियोगिता में बिलासपुर उसलापुर की पूजा साहू विनर रहीं। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें सेलेब्रिटी गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस स्नेहा उल्लाल थीं। प्रतियोगिता के पहले राउंड में सभी प्रतिभाओं ने छत्तीसगढ़ी वेशभूषा को पहनकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रस्तुत किया। वहीं दूसरे राउंड में गाउन पहनकर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की आयोजक शिखा साहू ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की प्रतिभाओं को इस कार्यक्रम के माध्यम से सामने लाना है। इस प्रतियोगिता की विजेता बिलासपुर उसलापुर की मिस पूजा साहू को ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। वे चादिका साहू व चमेली साहू की पुत्री हैं।

### भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले जयंती 3 जनवरी को



**बिलासपुर।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती व भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस कार्यक्रम 3 जनवरी को शाम 6.00 बजे डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर प्रतिमा स्थल जीडीसी कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर जोगेन्द्र कवाड़े लांगमार्च प्रनेता (डॉ. भीमराव अम्बेडकर विद्यापीठ औरंगाबाद के नामान्तरण के जनक) पूर्व सांसद नागपुर महाराष्ट्र होंगे। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रो. जावेद पाशा कुरैशी अध्यक्ष भारतीय मुस्लिम परिसद (प्रख्यात फुले-साहू अम्बेडकरी लेखक, प्रबोधन कार होंगे। श्री कुरैशी की बाबा साहेब डॉ. बीआर आम्बेडकर सहित बहुजन महापुरूषों पर लगभग 38 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसआर काण्डे राष्ट्रीय ट्रस्टी सदस्य भारतीय बौद्ध महासभा होंगे। इस अवसर पर बहुजन महापुरूषों के संघर्षों पर आधारित ग्रुप डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

### कोरी बुनकर समाज का सम्मान समारोह आज

**बेलतरा।** समस्त कोरी बुनकर समाज के तत्वावधान में 30 दिसंबर को बनमान मैरिज रिसोर्ट (सेंदरी) में प्रतिभावान छात्र-छात्रा, रक्तदाता क्रीडा एवं विशेष क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले युवक-युवती प्रतिभावान सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 11 से 4 बजे तक किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि बेलतरा विधानसभा नवनिर्वाचित विधायक सुशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि बिलासपुर नगर निगम महापौर राम शरण यादव व राजेंद्र डब्बू साहू रहेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष राम मनोहर कोरी करेंगे। प्रतिभावान सम्मान कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, रक्तदाता, खेल में उत्कृष्ट स्थान, समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित किया जाएगा।

### साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्मान समारोह आज

**बिलासपुर।** जिला एवं नगर साहू संघ के तत्वावधान में 30 दिसंबर को सिम्स आडिटोरियम में साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संघ के जिला अध्यक्ष डा. तिलक राम साहू ने बताया कि इस अवसर पर पत्रिका मिलाप का विमोचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। प्रमुख अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, थानेश्वर साहू, मोतीलाल साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षत टहल साहू करेंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि विधायक धरमजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, मेयर रामशरण यादव, लखन लाल साहू, संदीप साहू, भोलारामसाहू, दलेश्वर साहू, बालेश्वर साहू आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

### दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर 1 जनवरी से


**बिलासपुर।** धम्मगढ़ विपश्यना ध्यान केन्द्र भरारी व्हाया मोहनमाठा में 1 जनवरी से 12 जनवरी तक दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का संचालन रायपुर के वरिष्ठ सहायक आचार्य कपिलनाथ साहू करेंगे। विदित हो कि दस दिवसीय आवासीय शिविर में विपश्यना ध्यान की शिक्षा निःशुल्क ही दी जाती है तथा भोजन एवं आवासीय व्यवस्था कृतज्ञ साधकों के स्वैच्छिक दान से होता है। बिलासपुर विपश्यना ध्यान केन्द्र भरारी में प्रत्येक माह पूर्व निर्धारित तिथि पर दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ध्यान शिविर में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति रजिस्ट्रेशन के लिए एस. मेश्राम व संजय अग्रवाल से संपर्क कर सकते हैं।

# बांट की जगह ईंट-पत्थर से तौल, उपकरणों का सत्यापन भी नहीं

**बिलासपुर।** जागो ग्राहक जागो का नारा देकर नाप तौल विभाग खुद सो गया है। विभाग द्वारा लंबे समय से कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते ग्राहक दुकानदारों की लूट का शिकार हो रहे हैं।

- बृहस्पति व शनिचरी बाजार में खुले आम बेचा जाता है सामान

आश्चर्य की बात तो ये है कि लोगों को नाप-तौल विभाग का नाम और पता तक मालूम नहीं है। ऐसे में लोग अपनी शिकायत कहां और किससे दर्ज कराएंगे, जबकि कई साल से नाप-तौल विभाग संचालित हो रहा है। स्थिति ये है कि फल और सब्जी बाजार में कई दुकानदार तुलाई के लिए खुले आम मानक लोहे के बांट के स्थान पर पत्थर का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में हर रोज लोग नुकसान उठाना पड़ रहा है। नाप-तौल में गड़बड़ी केवल बांट में हेर-फेर तक ही सीमित नहीं है। जिला नाप-तौल विभाग द्वारा लंबे समय से प्रचार-प्रसार नहीं किए जाने से लोगों में जागरूकता की कमी है। व्यापारियों द्वारा जनता को खुलेआम लूटा जा रहा है। जानकारी के अनुसार उपभोक्ता द्वारा ठगी की शिकायत विभाग के अधिकारियों से कई बार की गई है, लेकिन अधिकारी व्यापारियों से साठगांठ कर कार्रवाई नहीं करते हैं।







#### तराजू के साथ हेरा-फेरी

नाप-तौल में गड़बड़ी कर ग्राहक को ठगने के लिए नए नए तरीके अपनाए जाते हैं। बाजार में किराना दुकानदार से लेकर सब्जी, फल विक्रेताओं द्वारा तराजू में बैलेंस बनाने के लिए भी तराजू के ऊपरी सिरे पर कांटे के आस-पास छेड़छाड़ की जाती है। इस हेरा-फेरी से इलेक्ट्रॉनिक कांटे भी नहीं बचे हैं। इससे लोग हर दिन ठगी का शिकार हो रहे हैं।

#### लोहे के बांटों पर मुहर तक नहीं

नियमानुसार नाप-तौल विभाग हर साल बांट और तराजू की जांच करता है। इस दौरान इनका सत्यापन किया जाता है और बांट के पीछे और तराजू पर मुहर लगाकर उसे मानक घोषित किया जाता है, लेकिन विभाग द्वारा लंबे समय से जांच नहीं करने से दुकानों पर रखे बांट और तराजू पर मुहर नहीं लगाई गई है। जिससे दुकानों पर अमानक बांट से वजन तौला जा रहा है।

#### 3 निरीक्षक के भरोसे जिला

जिले में नापतोल की कार्रवाई होती नहीं दिखती है, इसका मुख्य कारण विभाग में स्टाफ की कमी है। इतने बड़े जिले में 3 निरीक्षक हैं, जिन्हें रोजाना 5 किमी की रेंज में निरीक्षण करना है, जिसमें सिटी, ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्र शामिल है। स्टाफ की कमी की वजह से अधिकारी अपने चेंबर से बाहर नहीं निकलते हैं।

#### शिकायत पर करते हैं कार्रवाई

शिकायत मिलने पर टीम जाकर कार्रवाई करती है। पिछले दिनों तिफरा में कार्रवाई की गई थी। अगर कहीं शिकायत है तो टीम को भेज कर तत्काल की कार्रवाई की जाएगी।

**-सतीश नायर**, कंट्रोलर, नापतोल

## 'अपनों से मुलाकात' कार्यक्रम में अमर ने सुनी शहरवासियों की समस्याएं

**बिलासपुर।** 'अपनों से मुलाकात कार्यक्रम' में शुक्रवार को विधायक अमर अग्रवाल ने शहर एवं क्षेत्र के विभिन्न आगंतुकों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। राजेंद्र नगर निवास कार्यालय में सुबह 11 बजे से बड़ी संख्या में शहर वासी एवं क्षेत्र के लोगों ने विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल से सम्पर्क किया। समस्याओं के निवारण के लिए श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश विधायक कार्यालय द्वारा प्रेषित किया जाना बताया। उन्होंने बताया पिछले दिनों आवास एवं महतारी वंदन योजना के लिए बड़ी संख्या में लोग आवेदन कर रहे हैं।

भाजपा की सरकार बनने से नागरिकों में उत्साह का वातावरण है। केंद्र और राज्य की विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में की गई है। राज्य के 12 लाख किसानों को सरकार के द्वारा संकल्प घोषणा पत्र के अनुसार खातों में राशि ट्रांसफर किए जाने से खुशी की लहर है। उन्होंने कहा सीजी पीएससी में घोटाले की जांच एवं सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के लंबित परिणाम जारी करने प्रभावित युवा वर्ग जनसंपर्क के दौरान बातें उठा रहे हैं, जिसके संबंध में राज्य स्तर से ठोस निर्णय शीघ्र ही लिए जाएंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि शहर की कानून व्यवस्था एवं शांति के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। शहर यातायात में बढ़ते दबाव के बीच सुगम यातायात के लिए आरटीओ ट्रैफिक पुलिस और निगम के बीच में समन्वय के साथ नागरिकों की सहभागिता और जागरूकता भी जरूरी है। शहर की शांति व्यवस्था के लिए अपराधियों में पुलिस का खौफ जरूरी है।



#### हेमुनगर भाजपा का परिवार, मिलेगा पक्का मकान

हेमुनगर भाजपा का परिवार बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप शहर के गरीबों को पक्का मकान बना कर दिया जाएगा। आयुष्मान कार्ड से लोगों का इलाज भी कराएंगे। उक्त बातें नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कही। श्री अग्रवाल शुक्रवार को हेमुनगर के लोगों से मिलने पहुंचे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अशोक विधानी, पूजा विधानी तथा वार्ड के नागरिकों ने अमर अग्रवाल का अभिनंदन करते हुए उन्हें ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। आज प्रदेश में भाजपा की सरकार है। उन्होंने हेमू नगर के पार्षद तथा नेता प्रतिपक्ष अशोक विधानी तथा महिला मोर्चा की अध्यक्ष पूजा विधानी के पार्टी के लोगों ने इलाके को भाजपा का एक परिवार बना दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप शहर के गरीबों को पक्का मकान बना कर दिया जाएगा।

### बैगा समाज की भागीदारी से ही सफल होगी पीएम जनमन योजनाः कलेक्टर

**बिलासपुर।** पीएम जनमन योजना को लेकर कलेक्टर अवनीश शरण एवं भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली से आए उप महानिदेशक बिश्वजीत दास ने विशेष जनजाति बैगा बहुल ग्राम करका (कोटा विकासखण्ड) का दौरा किया। उन्होंने पंचायत भवन में बैगा जनजाति के समाज प्रमुखों एवं अधिकारियों के साथ बैठकर पीएम जनमन योजना की कार्य-योजना के संबंध में विचार-मंथन किया। कलेक्टर ने कहा कि बैगा एवं बिरहोर समाज प्रमुखों की भागीदारी एवं सहयोग से ही इस योजना का मैदानी स्तर पर सफल क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बैगा हितग्राहियों को लाभान्वित कर प्रमाण पत्र एवं स्वीकृति आदेश भी वितरित किए। कलेक्टर श्री शरण एवं उप महानिदेशक श्री दास विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्कूल परिसर में आयोजित शिविर में भी शामिल हुए। कलेक्टर श्री शरण ने समाज प्रमुखों के साथ विशेष बैठक में पीएम जनमन योजना के स्वरूप एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लगभग साढ़े 6 हजार की बैगा एवं बिरहोर की आबादी जिले की 54 बसाहटों में निवास करती है। उनके विकास के लिए पिछले सालों में काफी कुछ काम हुए हैं फिर भी कुछ कमियां रह गई हैं। पिछले अनुभव के आधार पर इन कमियों को ढूंढकर पीएम जनमन योजना के तहत उन्हें दूर किया गया है। बैगा समाज के सरपंच प्रदीप कुमार सहित कई समाज प्रमुखों ने समाज के समग्र विकास के लिए अपने विचार रखे। उन्होंने आवास, स्थाई जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, मोबाइल कनेक्टिवीटी आदि की प्रमुख समस्याएं बताई। कलेक्टर ने उन सभी समस्याओं को कार्य-योजना में शामिल करने के निर्देश दिए।



## बिजनेस प्लस

### गुलमोहर ढाबा और हॉटल ग्रैंड गुलमोहर का उपमुख्यमंत्री साव ने किया शुभारंभ



**बिलासपुर।** सीपत रोड के मोपका में आधुनिक साज सज्जा और लजीज व्यंजन के साथ फैमली रेस्टोरेंट "गुलमोहर ढाबा" का शुभारंभ शुक्रवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने रिबन काटकर किया। इसके साथ साथ लोगों के ठहरने और छोटे-बड़े आयोजनों के लिए एक बेहतरीन विकल्प के तौर पर हॉटल ग्रैंड गुलमोहर भी शहर को समर्पित किया गया। इसका शुभारंभ भी उपमुख्यमंत्री अरूण साव और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने किया। शहर के प्रमुख मार्ग में स्थित गुलमोहर ढाबा और हॉटल में कई प्रकार की विशेष सुविधाएं हैं। यहां खाना-खजाना के लिए विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजन उपलब्ध हैं। इसके अलावा हॉटल में लग्जरी रूम जिसमें सभी प्रकार की विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं। हॉटल में ही एक भव्य लॉन है, जहां छोटे से लेकर बड़े विभिन्न प्रकार के मांगलिक एवं अन्य प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकता है। इस अवसर में गुलमोहर के फाउंडर एंड डायरेक्टर घनश्याम तिवारी, देवेन्द्र पांडेय, अभिजीत तिवारी, अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### शिव टॉकीज में 5 जनवरी से विश्व प्रसिद्ध जादूगर अजूबा का जादू शो



**बिलासपुर।** देश-विदेश में अपनी हैरतंगेज जादूगरी से करोड़ों कलाप्रेमियों को आनंदित कर चुके जादूगर सम्राट अजूबा बिलकुल नए जादुई करिश्मे और 60 से ज्यादा महिला-पुरुष कलाकारों के साथ बिलासपुर में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। 5 जनवरी से शिव टाकीज में उनके मनमोहक प्रस्तुति का शुभारंभ हो जाएगा। इस दौरान यहां रोजाना दो शो और अवकाश के दिन तीन शो होंगे। स्कूल-क्लब के लिए अतिरिक्त शो का भी आयोजन किया जाएगा। ये जानकारी शो के प्रबंधक रुद्र प्रताप सिंह और पीआरओ मदन भारती ने दी।

## डॉ बीपी सिंह को दिल्ली में मिला 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स में संचालक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ पैथोलोजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ भानू प्रताप सिंह को स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड उन्हें ग्लोबल हेल्थ केयर एंड वैलनेस अवार्ड कॉन्फ्रेंस 2023 में 25 दिसंबर को देश की राजधानी दिल्ली में एक गरिमामय आयोजन में प्रदान किया गया । इस अवार्ड सेरेमनी में भारत के चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े 40 प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस अवार्ड को प्रदान करने के पूर्व देश के चुनिंदा चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सकों के बीच सर्वे किया गया, जिसमे की लंबे समय से निःस्वार्थ भाव से सेवा करना और सामाजिक सरोकार भी शामिल है । डॉ भानू प्रताप सिंह 1997 से शासकीय रूप से चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं । इसके बाद उन्होंने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में 2001 से कार्य करना शुरू किया। वह लगातार चिकित्सा सेवा के साथ मेडिकल के विद्यार्थियों को पढ़ाते भी हैं । डॉ सिंह ने 1997 के पूर्व 3 साल छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी और नक्सलियों के गढ़ वनांचलों में भी अपनी सेवाएं दी।

जिसके लिए वहां के ग्रामीण आज भी उन्हें याद रखे हुए हैं। इस वैश्विक अवार्ड की घोषणा डॉ सिंह को उनके द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूपुर्व योगदान जिसमें मुख्यरूप से अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सा महाविद्यालय स्थापना तथा चिकित्सा के क्षेत्र में उत्तकृष्ठ कार्यों को देखते हुए प्रदाय किया गया है। दुरस्थ वनांचलों में स्वास्थ्य सेवाएं देना व लगभग 50 से ज्यादा स्वास्थ्य शिविरों को लगाना इत्यादि है।

## नववर्ष में होटल, बाजार, मंदिर, पिकनिक स्पॉट में तैनात रहेगी पुलिस टीमःआईजी

- रेंज के पुलिस अधीक्षकों की वर्चुअल बैठक लेकर दिए जरूरी निर्देश



**बिलासपुर।** नववर्ष को लेकर आईजी अजय कुमार यादव ने रेंज अंतर्गत सभी होटल, बाजार, मंदिर और पिकनिक स्पॉट में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही आपराधिक घटना को रोकने पुलिस अधीक्षकों को मुस्तैदी बरतने कहा। शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव ने बिलासपुर रेंज अंतर्गत जिलों के पुलिस अधीक्षकों की वर्चुअल बैठक ली। इसमें दोषमुक्ति प्रकरण, लंबित गंभीर अपराधों के निराकरण और गुम बच्चों की बरामदगी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। साथ ही नववर्ष के अवसर पर जिले में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अक्टूबर-नवंबर 2023 में जिलेवार न्यायालयों में पेश किए गए 1480 प्रकरणों की समीक्षा की, जिसमें आरोपी के दोषमुक्त होने के संबंध में अभियोजन और विवेचना में पाई गई खामियों के संबंध में चर्चा हुई।

#### विवेचना में गलती से 30 आरोपी छूटे

समीक्षा में दोषमुक्त प्रकरणों में अक्टूबर 2023 के प्रकरणों में दोषसिद्धि 39.27 प्रतिशत रहा। विवेचकों की गलती से 16 प्रकरण और अभियोजन अधिकारी की गलती से 4 प्रकरणों में दोषमुक्ति हुई। इसी तरह नवम्बर 2023 के प्रकरणों में दोषसिद्धि 38.73 प्रतिशत रहा। विवेचकों की गलती से 9 प्रकरण और अभियोजन अधिकारी की गलती से 1 प्रकरण में दोषमुक्ति हुई। गंभीर त्रुटिवाले प्रकरणों में संबंधित दोषी विवेचकों के विरूद्ध विभागीय जांच किए जाने तथा अन्य प्रकरणों में संबंधितों का स्पष्टीकरण लेकर नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने निर्देशित किया गया।

#### जहां अपराध हुए वहां गश्त के निर्देश

पुलिस महानिरीक्षक श्री यादव ने संपति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर अमल में लाए जाने तथा उन क्षेत्रों में जहां अपराध घटित हो रहे हैं। वहां सघन पुलिस गश्त कराए जाने निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सक्ती एमआर आहिरे, पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह, पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मुंगेली चंद्रमोहन सिंह, पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला सहित रेंज कार्यालय में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक सुशीला टेकाम उपस्थित रही।

## हेल्थ प्लस

### मार्क हॉस्पिटल में न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट का शुभारम्भ, मरीजों को मिलेगी सुविधा



**बिलासपुर।** चांटीडीह रोड सरकंडा स्थित मार्क हॉस्पिटल में संपूर्ण किडनी के इलाज के साथ यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी के लिए प्रसद्धि है। इसकी स्थापना सन 2013 में 30 बिस्तरों के साथ हुई थी, जो नए स्वरुप में 100 बिस्तरों वाला पूर्ण सुसज्जित और नए आयाम की ओर अग्रसर है।

मार्क हास्पिटल साल दर साल नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो रहा है। इसी कड़ी में आगे बढ़ाते हुए पूर्ण रूप से मरीजों की सुविधाओ के लिए न्यूरोलॉजी विभाग का पूर्ण रूप से विस्तार किया गया है, जिसमे डॉ नीलम साहू पूरी एमबीबीएस, एमडीडीआर एनबी न्यूरोलॉजी द्वारा मरीजों से सम्बंधित बीमारी जैसे मिर्गी, लकवा, माइग्रेन, स्ट्रोक, सिरदर्द, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन टीबी, नस से सबंधित बीमारी, शरीर में कम्पन जैसी समस्याओं का समाधान उपलब्ध करा रहे हैं। अब मार्क हॉस्पिटल नई नई तकनीक के साथ और भी सुविधा उपलब्ध की जा रही है। इनके अलावा मरीजों के लिए हॉस्पिटल में 24 घंटे सुचारू रूप से सेवाएं दी जा रही है। इसके अलावा मार्क हॉस्पिटल में मरीजों के लिए आयुष्मान भारत योजनाएं आयुष्मान योजना 'बीएसकेवाए' एसईसी एलएएस ईसीआर और अन्य इंश्योरेंस कंपनी द्वारा निशुल्क सर्जरी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और मार्क हॉस्पिटल चिकित्सा सेवा के साथ-साथ कदम आगे बढ़ाते हुए नई ऊचाइयों के साथ मार्क हॉस्पिटल द्वारा चिकित्सा शिक्षा में भी अग्रसर होते हुए डीएनबी एनेस्थीसिया एवं बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम का संचालन भी एक छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही है।

## नेशनल फेंसिंग टूर्नामेंट के सिल्वर मेडल विजेताओं से मिले प्रिंस

- विजेता खिलाड़ियों को प्रदेश फेंसिंग संघ के अध्यक्ष प्रिंस ने दी शुभकामनाएं

**बिलासपुर।** गुजरात में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय कैडेट फेंसिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने शुक्रवार को प्रदेश फेंसिंग अध्यक्ष प्रिंस भाटिया से सौजन्य भेंट मुलाकात की।

प्रिंस भाटिया ने बिलासपुर से सिल्वर मेडल जीतने वाली रूपाली साहू एवम अन्य खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की । फेंसिंग कोच संतोष साहू व अभिषेक दुबे ने बताया कि रायपुर में होने वाली 31वी जूनियर फेंसिंग चैंपियनशिप में रूपाली साहू ,भूमिका साहू, अनीश यादव ,विनीत साहू अपना जौहर दिखाएंगी । उन्होंने बताया कि गुजरात के मेहसाना के सरदार पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पंचोट में आयोजित 18 वीं कैडेट राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग टीम ने भाग लिया।



विजेता खिलाड़ियों से मिलते प्रदेश फेंसिंग अध्यक्ष प्रिंस भाटिया।

बालिका टीम ने एपी इवेंट के चैंपियनशिप मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। प्री क्वार्टर फाइनल में राज्य की रिबा बेनी, रूपाली साहू , छाया यादव एवं तोशिका जायसवाल की टीम ने दिल्ली को प्री क्वार्टर फाइनल में 15–10 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ की टीम ने बड़ा उलट फेर करते हुए ताकतवर समझी जा रही चंडीगढ़ की एपी टीम को एकतरफा मुकाबले में 17–08 से परास्त कर पदक की ओर कदम बढ़ाया। सेमीफाइनल में राज्य की टीम का मुकाबला मेजबान गुजरात से हुआ, जिसमे छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने 45–37 से हराकर स्वर्ण पदक के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की।

### स्पर्धा के लिए हॉकी खिलाड़ी ग्वालियर रवाना

**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लिंगियाडीह के हाकी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ग्वालियर मध्यप्रदेश रवाना हो गई। प्राचार्य डॉ.मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता जूनियर 17 वर्ष बालक 14 वर्ष बालक-बालिका 28 दिसंबर से 1 जनवरी तक ग्वालियर मध्यप्रदेश में होगी। प्रतियोगिता के लिए विद्यालय के 3 छात्र प्रकाश साहू, गुलशन साहू, हर्षिता धृतलहरे का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। साथ ही साथ सेजस के छात्र कुणाल सेंद्रे का चयन भी हुआ है। सभी खिलाड़ी आज समता एक्सप्रेस से ग्वालियर के लिए प्रस्थान किए। प्रतियोगिता के लिए फ्री नेशनल कोचिंग कैंप रायपुर में 22 दिसंबर से लगाया गया था। सेजेस लिंगीयाडीह के प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने बताया कि प्रतिवर्ष राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय के छात्र छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होते हैं। यह जानकारी धनीराम यादव ने दी।


छत्तीसगढ़ के जननायक,
माटीपुत्र
मान. श्री अरूण साव जी
(उपमुख्यमंत्री) को
लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,
नगरीय प्रशासन एवं विधि
और विधायी कार्य मंत्री
(छ.ग. शासन) बनने पर
गाड़ा-गाड़ा
बधाई
विशाल तिवारी
सत्यजीत भौमिक
अजय कुलपहाड़ी
धनंजय दुबे
पियूष गौरहा
रविन्द्र उपाध्याय
ज्योतिन्द्र उपाध्याय
राजेश सिंह
उप नेता प्रतिपक्ष
नगर निगम - बिलासपुर
BALA JI


लक्ष्य सृजन और विकास
छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ के दुलरवा बेटा
माटीपुत्र, जननायक
मान. श्री अरूण साव जी
(उपमुख्यमंत्री) को
लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,
नगरीय प्रशासन एवं विधि - विधायी कार्य मंत्री (छ.ग. शासन) बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संजय रजक
जितेन्द्र चौबे (जीत्तू)
जय प्रकाश तिवारी
BALA JI

## खबर संक्षेप

### गारंटी वाली गाड़ी आज पहुंचेगी 16 पंचायतों में

**बिलासपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जिले में लगातार जारी है। 30 दिसम्बर को मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जिले के 16 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी। इसमें लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सलखा, लिम्हा, पौंसरी एवं अटर्रा में, कोटा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उपका, लूफा, करवा एवं कुरवार में, मस्तूरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बुढ़ीखार, सरसेनी, मटिया एवं जैतपुर में, तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हांफा, जोंकी, भरनी एवं पेंडारी में यह गाड़ी पहुंचेगी।

### आज कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच की बैठक

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ की एक आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय बिलासपुर प्रकाशन परिसर मध्यनगरीय चौक बिलासपुर में शनिवार 30 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे आहुत की गई है । मंच के प्रदेश संगठन सचिव सुदेश दुबे साथी ने बताया कि बैठक में आगामी वर्ष के कार्यक्रम, मँच द्वारा 11 वर्षों से नियमित प्रकाशित मासिक पत्रिका ब्रम्ह आलोक के आगामी अंक एवं लोखंडी में निर्माणाधीन समाजिक भवन की प्रगति पर चर्चा की जाएगी।

### मेधावी छात्र अलंकरण आज रायपुर में

**बिलासपुर।** प्रदेश के सरस्वती शिशु मंदिर के मेधावी एवं हाईस्कूल हायर सेकेंडरी की परीक्षा में मेरिटोरियस छात्र-छात्राओं का अलंकरण समारोह 30 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे रायपुर में आयोजित किया गया है। सरस्वती शिक्षा संस्थान मुख्यालय रोहणीपुरम में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय होंगे। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के महामंत्री अवनीश भटनागर मुख्य वक्ता होंगे। संस्थान के सचिव विवेक सक्सेना परीक्षा प्रकोष्ठ के भानुप्रकाश सोनी ने मेधावियों से समय पर उपस्थित होने का निवेदन किया है।

### मध्याह्न भोजन करवाने अब शिक्षकों की ड्यूटी

**बिलासपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला दोमुहानी के छात्र उबलते खीर में गिरने से गंभीर रूप से झुलस गया था। इस मामले को हाईकोर्ट ने संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर से जवाब मांग कर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से जिले के सभी स्कूलों में मध्याह्न भोजन करवाने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि स्कूलों में मध्याह्न भोजन परोसने के पहले सभी छात्रों को एक जगह खड़े करके लाइन में भोजन नहीं दिया जाए। शाला में बच्चों को शांति पूर्वक पंक्तिबद्ध बैठाकर रसोईया के द्वारा भोजन परोसा जाए। मध्यान्ह भोजन के दौरान प्रतिदिन एक शिक्षक की ड्यूटी लगाए जाए।

### निधन

#### श्रीमती रजनी रजक

**बिलासपुर।** तारबाहर मस्जिद गली तालाबपार निवासी रजनी रजक का 30 वर्ष की आयु में गुरुवार 28



दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 29 दिसंबर को मधुबन शमशान घाट में किया गया। वे बलदेव कनोजिया व मंतोषी कनोजिया की बेटी व महेश और आरती कनोजिया की बहन थीं।

#### राजेश गोस्वामी

**तखतपुर।** ब्लाक कालोनी निवासी राजेश गोस्वामी 44 वर्ष का 29



दिसम्बर शुक्रवार को निधन हो गया। वे राकेश गोस्वामी के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम धरमपुरा में किया गया।

---

### हाईकोर्ट भी इस मामले में गंभीर, शुक्रवार को व्यवस्था में कुछ सुधार दिखाई दिया

# यात्रियों से लूट, वसूली की खुली छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में पार्किंग का विवाद दशकों पुराना है। ना इसका हल निकल रहा और ना कोई राहत मिल रही है। यात्रियों से लूट, वसूली और दुर्व्यव्हार की जैसे खुली छूट रेलवे अधिकारियों ने दे रखी है। हाईकोर्ट भी इस मामले में गंभीर है। कलेक्टर और डीआरएम से जवाब मांगने पर शुक्रवार को व्यवस्था में कुछ सुधार दिखाई दिया। गेट नंबर 2 के सामने जहां से प्रीमियम पार्किंग की एंट्री होती है वहां से चेक पोस्ट हटा दिया गया तो आरपीएफ के साथ मिलकर ठेकेदार गाड़ियों को व्यवस्थित करने में लगा रहा। ड्राप एंड गो को लेकर भी राहत रही और लोग आराम से गुजरते रहे। हालांकि देखा जाए तो यह तात्कालिक और कुछ दिनों की बात है। पहले भी ऐसा होता रहा है और फिर उसके बाद वही हालत हो जाते हैं।

रेलवे स्टेशन में पार्किंग सबसे बड़ी समस्या है। इसे लेकर रेलवे के पास न पहले कोई योजना थी और न अब है। इसी का नतीजा है की उसका सीधा प्रभाव यात्रियों पर पड़ता है। सबसे बड़ी परेशानी ड्राप एंड गो को लेकर है। यहां प्रीमियम पार्किंग है। नियम है कि यहां पहुंचने वाली गाड़ी 10 मिनट तक खड़ी हो सकती है। उसका कोई शुल्क नहीं लगेगा। हमेशा लेकिन शिकायत रहती है कि चार पहिया रेलवे कंपाउंड के भीतर ले जाने पर सिर्फ 60 रुपए वसूला जा रहा है। अधिकारी न ही इसकी मॉनिटरिंग कर रहे और ना ही शिकायतों पर ध्यान दिया जाता है।



रेलवे स्टेशन के बाहर मेन गेट के सामने खड़े वाहन




#### मांगा गया जवाब

हाईकोर्ट के आदेश के बाद रेलवे पार्किंग ठेकेदार के साथ बैठक की गई है। उससे शपथ पत्र के साथ जवाब मांगा गया है। मामले की जांच भी करा रहे हैं। पुष्टि हुई तो कार्रवाई भी होगी। स्टेशन में पार्किंग की व्यवस्था और बेहतर करने की योजना पर काम चल रहा है।

- **प्रवीण पांडे,** डीआरएम

#### पार्किंग स्थल पर यह सुविधाएं जरूरी

- एंट्री, एक्जिट गेट समेत पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए।
- बारिश और धूप से वाहनों को सुरक्षित रखने के लिए शेड होना चाहिए।
- आगजनी रोकने अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होनी चाहिए।
- प्राकृतिक आपदा में क्षतिपूर्ति के लिए संचालक को इंश्योरेंस लेना चाहिए।
- वाहनों के रखरखाव के लिए पर्याप्त जगह होना चाहिए।
- वाहनों के आने जाने का समय रजिस्टर या फिर पर्ची में दर्ज होना चाहिए।

#### कुछ सुधार दिखा लेकिन यह अस्थायी

पार्किंग को लेकर गुंडागर्दी और वसूली मामले में हाईकोर्ट ने भी सख्ती दिखाई है। खास तौर पर कलेक्टर और डीआरएम को इस पर कार्रवाई और व्यवस्था बनाने कहा गया है। शुक्रवार को हरिभूमि ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया तो कुछ सुधार दिखा। प्रीमियम पार्किंग के सामने लगा चेक पाइंट हटा दिया गया था। यहां वसूली के लिए ठेकेदार के जो गुर्गे बैठते थे वह भी नहीं थे। एक युवक जरूर था जो कि रसीद लेकर बैठा था। उसने बताया कि सभी पुराने लोग हटा दिए गए हैं। वह आज ही से काम शुरू किया है। आने जाने वालों से उतनी पूछताछ और सख्ती भी नहीं की जा रही थी। बाकि दिनों की अपेक्षा यात्रि आराम से वाहन से सामान उतारकर आना-जाना कर रहे थे।

#### यात्रियों को हुई परेशानी

पार्किंग में अव्यवस्था के नाम पर हाईकोर्ट सख्त हुआ तो रेलवे प्रबंधन सक्रिय हुआ। व्यवस्था बनाने की बात थी लेकिन सख्ती की गई और इसका नुकसान यात्रियों को उठाना पड़ा। शुक्रवार को गेट नंबर एक के सामने जहां से कटनी रूट की गाड़ियां जाती हैं वहां किसी वाहन को नहीं जाने दिया गया। खास तौर पर चारपहिया वाहन को सुलभ के सामने ही आरपीएफ व स्टैंड के कर्मचारियों ने रोक दिया। जबकि कई वाहनों पर भारी लगेज भी था। इसे लेकर हल्का विवाद भी हुआ। यात्रियों ने बताया कि इमरजेंसी में स्टेशन के अंदर तक पहुंचना और फिर ट्रेन पकड़ना बेहद कठिन हो जाएगा।

#### रोज 15 हजार खर्च, व्यवस्था नहीं

रेलवे में पार्किंग के लिए करोड़ों रुपए का ठेका जरूर होता है, लेकिन इसका भार लोग चुकाते हैं। ठेकेदार चार्ज इतना अधिक लेते हैं कि लोग सहम जाते हैं। वाहन को पहले भीतर कंपाउंड या पार्किंग जाने देते हैं। इसके बाद वे वापसी के समय लोगों के अनुसार रुपए की डिमांड करते हैं। बकायदा पर्ची भी काटी जा रही है। हालांकि व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है। ठेकेदार निमेष मिश्रा ने बताया कि रोजाना 15 हजार रुपए उसे रेलवे प्रबंधन को इस ठेके के लिए देने पड़ते हैं। फिलहाल तो छुट्टिया हैं इसलिए वाहन पहुंच भी रहे हैं नहीं तो रोजाना का उन्हें 4-5 हजार रुपए का नुकसान होता है। ठेकेदार के अनुसार रेलवे अधिकारी भी सही जगह पर पार्किंग नहीं करते और प्रीमियर पार्किंग पर गाड़ी खड़ी करके तीन-चार दिन के लिए बाहर चले जाते हैं।

---

# 1 करोड़ 67 लाख की ठगी डॉक्टर, कांस्टेबल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे 1 करोड़ 67 लाख 70 हजार रूपए की ठगी करने वाले डॉक्टर और बर्खास्त कांस्टेबल को पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इसमें एक के खिलाफ सिविल लाइन थाने और दूसरे के खिलाफ चकरभाठा थाने में चार माह पहले धोखाधड़ी और ठगी का आरोप दर्ज किया गया था। बीते चार माह से दोनों आरोपी फरार थे।



- 34 लोगों को दिया था नौकरी का झांसा
- चार महीने बाद पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी

पुलिस लाइन निवासी बर्खास्त कांस्टेबल पंकज शुक्ला ने जिला कोर्ट में आत्मसमर्पण किया तो वहीं बरबसपुर हासिंग बोर्ड कॉलोनी कोरबा निवासी डॉक्टर चंद्र प्रकाश प्रधान को पुलिस ने चकरभाठा मार्केट में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों ने 34 लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रूपए की वसूली कर ली थी। अलग-अलग थानों में बर्खास्त कांस्टेबल और डॉक्टर के खिलाफ 420 का अपराध दर्ज कर पुलिस चार महीनों से दोनों की तलाश कर रही थी।

#### 21 लोगों से कहा था डीजीपी कोटे से बनाउंगा आरक्षक

आरोपी पंकज शुक्ला आईजी ऑफिस में पदस्थ था इस दौरान उसने डीजीपी कोटे से आरक्षक की नौकरी लगाने का झांसा देकर 21 लोगों से 1 करोड़ 13 लाख रूपए की ठगी कर ली। कुछ लोगों को फर्जी प्रमाण पत्र भी बांट दिया। जिसके बाद वह जेल चला गया और उसे बर्खास्त कर दिया गया। जेल से जमानत पर बाहर आने पर लोगों ने पैसे की मांग की तो उसके जीजा रमाशंकर पांडेय ने पीड़ितों को पैसा लौटाने का आश्वासन दिया। इसके बाद पैसा वापस नहीं होने पर पीड़ितों ने थाने में पंकज और रमाशंकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

#### एफसीआई व फारेस्ट में भी नौकरी दिलाने का झूठा वादा

कोरबा निवासी डॉक्टर चंद्र प्रकाश प्रधान ने एफसीआई और फारेस्ट गार्ड की नौकरी लागाने का झांसा देकर 13 लोगों से 54 लाख 70 हजार रूपए वसूल लिए थे। नौकरी नहीं लगने पर पीड़ितों ने पैसे की मांग की तो डॉ. प्रधान उन्हें टालते रहे ऐसे में पीड़ितों ने 27 अगस्त 2023 को चकरभाठा थाना पहुंच नौकरी लागाने का झांसा देकर लाखों रूपए वसूलने वाले डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस आरोपी डॉक्टर की पतासाजी कर रही थी। शुक्रवार को वो चकरभाठा मार्केट आया तो सूचना मिलने पर चकरभाठा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

---

# सीजीएमएससी व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कलेक्टर ने कहा- काम में लाओ तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर ने दी समय पर काम करने की नसीहत
- वार्ड में पसरे काम, अव्यवस्थित सिस्टम पर जताई चिंता

हाईकोर्ट की फटकार के बाद सिम्स में अधिकारियों का जमघट लगा हुआ है। शुक्रवार की सुबह कलेक्टर अवनीश शरण एक बार फिर सिम्स के निरीक्षण पर पहुंचे और अस्पताल प्रबंधन, सीजीएमएससी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ एक घंटे बैठक ली। इस दौरान काम में हो रही देरी को लेकर अधिकारियों को चेताया और समय पर काम पूरा करने की हिदायत दी।

सुबह 9 से 11 बजे तक कलेक्टर अवनीश शरण ने सिम्स में अधिकारियों की बैठक लेकर निरीक्षण किया, जिसके बाद अधिकारियों ने अपना काम जारी रखा। सिम्स में महतारियों की तकलीफ को देखते हुए गायनिक वार्ड की शिफ्टिंग की जानी है, निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीजीएमएससी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को तय कामों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है, ताकि कोर्ट में सुनवाई से पहले पेंडिंग काम पूरा हो सके। वहीं सफाई, भोजन वितरण और अन्य जरूरी कामों को लेकर बरती जाने वाली लापरवाही को लेकर प्रबंधन को मानिटरिंग करने के लिए कहा है।



सिम्स के बाहर काम करते पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी।



#### कैसे सुधरेगी व्यवस्था

निगम और पीडब्ल्यूडी ने मिलकर सिम्स के ड्रेनेज पर काम किया है, लेकिन हाल यह है कि शुक्रवार को एक बार फिर ड्रेनेज जाम हो गया। एक ओर कलेक्टर अधिकारियों की मीटिंग लेते रहे दूसरी ओर कर्मचारी ड्रेनेज का ढक्कन खोल सफाई में डटे रहे। साथ ही मरीज व परिजन भी सिम्स को गंदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है, पीडब्ल्यूडी द्वारा हाल ही में बनाए गए टायलेट में दारू की बोतल पाई गई है। वहीं निरीक्षण के दौरान देखा गया है कि पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों के पास काम करने के लिए औजार तक नहीं है, तसला नहीं होने पर डस्टबीन से सीमेंट का गारा ले जाया जा रहा था, अधिकारी महज निर्देश देकर सिम्स से गायब हो जाते है लेकिन फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों को खासी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है।

#### डीन ने जारी किया डाक्टरों को नोटिस

सिम्स में 3 पाली में डाक्टरों की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन समय पर डाक्टर अस्पताल में उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। सुबह की पाली में निरीक्षण के दौरान कई डाक्टर अनुपस्थित थे। इस बारे में भले ही आधा अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया, लेकिन डीन को डाक्टरों की लापरवाही समझ में आते ही नोटिस जारी कर दिया है। डीन ने कार्यालय पहुंचते ही डाक्टरों को समय पर अस्पताल में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

---

# बेसहारा देख बच्ची की लूट ली अस्मत, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** घर से भागकर ट्रेन में भीख मांगने पहुंची 10 साल की बच्ची ने ट्रेन में बैठे एक फकीर से मदद मांगी तो वह उसे अपने साथ ले गया और जंगल में उसके साथ अश्लील कृत्य कर भाग गया। रतनपुर थाना प्रभारी देवेश राठौर ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली 10 साल की बच्ची 26 दिसंबर को घर से निकलकर बिलासपुर पहुंच गई। उसके बाद वह ट्रेन में चढ़कर यात्रियों से पैसा मांगने लगी। इस दौरान ट्रेन में फकीर बनकर भीख मांगने वाले वर्तमान बेलगहना निवासी मोमिंद शा फकीर उर्फ गोपाल खड़िया 24 वर्ष की नजर बच्ची पर पड़ी। तब उसने मदद के लिए बच्ची को अपने पास बुलाया और फिर उसे अपने साथ बेलगहना ले गया। रातभर वह नाबालिग को अपने परिवार के साथ रखा। दूसरे दिन सुबह उसे लेकर भीख मांगने के लिए निकला। दोपहर को उसने बच्ची को पोड़ी के जंगल ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। बच्ची के रोने और घायल होने पर वह उसे वहीं छोड़कर भाग निकला। आसपास के लोगों ने बच्ची को रोते देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को अस्पताल पहुंचाया, साथ ही घटनाक्रम की जानकारी लेकर उसके परिजन को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी फकीर पर अपहरण, कुकर्म और पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर तलाश शुरू की। देर रात आरोपी को बेलगहना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

# आरक्षक के घर से 75 हजार का सामान पार

**बिलासपुर।** चोरों ने आरक्षक के सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर सहित 75 हजार रूपए का सामान पार कर दिया। आरक्षक ने थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। गतौरा निवासी रमेश कुमार राठौर मोपका चौकी थाना सरकंड़ा में आरक्षक पद पर पदस्थ हैं। 26 दिसंबर की सुबह करीब 11:30 बजे वे अपने परिवार के सभी सदस्यों को लेकर पाली जिला कोरबा में भागवत कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। 27 दिसंबर की शाम करीब 4:30 बजे वे परिवार के साथ घर वापस पहुंचे। उन्होंने सामने के दरवाजा खोलकर देखा तो अंदर के कमरे का दरवाजा ताला टूटा हुआ था। अंदर आलमारी खुली थी और सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी में रखे 20 हजार कैश, 15 तोला 5 जोड़ी पायल चोरी हो गए थे। इसके अलावा छोटे भाई प्रदीप राठौर के कमरे से 30 रूपए नकद व चांदी का करधन, चांदी का 8 तोला पायल, 2 ग्राम सोने का लॉकेट सहित तकरीबन 75 हजार रूपए की चोरी हो गई। आरक्षक ने थाने पहुंच मामले के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई।

---

**नाम सुधार के संबंध में सूचना**

इस आम सूचना के माध्यम से सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि मैं प्रशांत सिंह ठाकुर PRASHANT SINGH THAKUR उम्र 42 वर्ष पिता श्री संतोष सिंह ठाकुर निवासी शिवाजी वार्ड थाना तह. मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.) का हूं। यह कि मेरा पूरा व सही नाम प्रशांत सिंह ठाकुर PRASHANT SINGH THAKUR पिता संतोष सिंह ठाकुर SANTOSH SINGH THAKUR है जो मेरे आधार कार्ड पत्र, पेनकार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। यह कि मेरे पासपोर्ट एवं शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम प्रशांत सिंह बैस PRASHANT SINGH BAIS पिता संतोष सिंह बैस अंकित है। यह कि प्रशांत सिंह ठाकुर PRASHANT SINGH THAKUR व प्रशांत सिंह बैस PRASHANT SINGH BAIS अलग-अलग व्यक्ति ना होकर एक ही व्यक्ति अर्थात मैं ही स्वयं हूँ। मेरा पूरा व सही नाम प्रशांत सिंह ठाकुर PRASHANT SINGH THAKUR पिता संतोष सिंह ठाकुर SANTOSH SINGH THAKUR होने एवं मुझे इसी नाम से जाने माने एवं समझा जाने के आशय से शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ यदि इस संबंध में कोई विवाद होता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी। यह कि मैने कोई भी बातें नही छिपाई है और ना ही गलत ढ़ंग से प्रस्तुत किया है।

प्रशांत सिंह ठाकुर
PRASHANT SINGH THAKUR
शिवाजी वार्ड, थाना व तहसील मुंगेली
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक बोदरी तहसील -बिल्हा, जिला -बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/रा.नि./क्यू/2023
दिनांक 28.12.2023

प्रति,
आवेदक अमित अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल सा. बिलासपुर
समीपी भूमिस्वामी
1. विनय आ.ज्ञानचंद सा. रायपुर 2. फार्चुन बिल्डकॉन द्वारा पवन कुमार पिता सेटूराम सा बिलासपुर 3. प्रमोद कुमार जैन पिता लख्मीचंद सा. बिलासपुर 4. पूनम अग्रवाल पति राजेश अग्रवाल सा. बिलासपुर 5. संतोष कुमार पिता श्यामलाल अग्रवाल सा. बिलासपुर
विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा ज्ञापन क्रमांक // क/तह. वाचक /2023 बिल्हा दिनांक 28.12.2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक अमित अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार /नायब तहसीलदार बिल्हा में मौजा बोदरी (म.नं. 1) प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. बोदरी तहसील बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) स्थित ख.नं. 294/12 रकबा 0.274 का सीमांकन हेतु छ.ग.भू राजस्व सिंहता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन किया गया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 05.01.2024 को समय 11.00 बजे से 5.00 बजे किया जाना है। अत: आप अपनी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि को स्थल पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात् की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक, बोदरी
तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**नाम सुधार के संबंध में सूमना**

इस आम सूचना के माध्यम से सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि मैं सुरेन्द्र कुमार साहू SURENDRA KUMAR SAHU उम्र 42 वर्ष पिता श्री पेखन लाल साहू निवासी ग्राम व पोस्ट भालापुर थाना फास्टरपुर तह. मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.) का हूं। यह कि मेरा पूरा व सही नाम सुरेन्द्र कुमार साहू SURENDRA KUMAR SAHU पिता पेखन लाल साहू PEKHAN LAL SAHU है जो मेरे आधार कार्ड पत्र, पेनकार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। यह कि शैक्षणिक दस्तावेज कक्षा दसवीं में मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार SURENDRA KUMAR पिता पेखन लाल PEKHAN LAL अंकित है। यह कि सुरेन्द्र कुमार साहू SURENDRA KUMAR SAHU व सुरेन्द्र कुमार SURENDRA KUMAR अलग-अलग व्यक्ति ना होकर एक ही व्यक्ति अर्थात मैं ही स्वयं हूँ। मै यह शपथ पत्र मेरा पूरा व सही नाम सुरेन्द्र कुमार साहू SURENDRA KUMAR SAHU पिता पेखन लाल साहू PEKHAN LAL SAHU होने एवं मुझे इसी नाम से जाने माने एवं समझा जाने के आशय से शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ यदि इस संबंध में कोई विवाद होता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी। यह कि मैने कोई भी बातें नही छिपाई है और ना ही गलत ढ़ंग से प्रस्तुत किया है।

सुरेन्द्र कुमार साहू
SURENDRA KUMAR SAHU
ग्राम व पोस्ट भालापुर थाना फास्टरपुर
तहसील व जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**आम सूचना/ ईश्तहार**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार लतेल यादव पिता बनवाली निवासी ग्राम बिरकोना थाना कोनी जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने ग्राम सेमरताल महाल नंबर-1 प.ह.न.-16 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसीलव जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 969 रकबा 1.12 एकड़ (0.454 हेक्टेयर स्थित है उक्त भूमि के संबंध मे एक व्यवहार वाद न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 (पीठासीन अधिकारी श्रीमती श्वेता गोस्वामी) के न्यायालय में लतेत यादव बनाम संतोष वगैरह व्य. वाद क्रं 163 ए /2017 लंबित है। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि संतोष यादव उक्त भूमि को किसी अन्य व्यक्ति के पास फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार विक्रय करने का प्रयास कर रहा है इसलिए उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति के द्वारा कोई क्रय विक्रय हेतु सौदा किया जाता है तो वह झूठा एवं नाजायज माना जावेगा एवं क्रेता को किसी प्रकार का कोई हक अधिकार प्राप्त नही होगा।
सो सूचना जाने। दिनांक-29/12/2023

भवदीय
(रमेश कुमार सूर्यवंशी)
अधिवक्ता बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9691680166

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2023-24
पक्षकार-जुलकर सेख पिता तोयाब सेख ............आवेदक
**बनाम**
राज सोनी पिता स्व. संतोब सोनी...अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जुलकर सेख पिता तोयाब सेख निवासी गोड़पारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा शीट नं. 27 प्लाट नं. 38/4 रकबा 48 व. फु. भूमि स्थित है जो अनावेदक राज सोनी पिता स्व. संतोष सोनी के नाम पर दर्ज है। आवेदक व्दारा अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 30.11.2023 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 19/01/2024 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 29/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यापालिका दण्डाधिकारी सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 786 / अ-6-अ/2022-23
ग्राम उसलापुर, तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक बलवंत सिंह पिता स्व. बालेश्वर सिंह निवासी उसलापुर, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छ.ग. के द्वारा ग्राम उसलापुर, प.ह.न. 60, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छ.ग. मे स्थित भूमि खसरा नंबर 290 / 10 रकबा 1000 वर्गफुट भूमि आवेदक के पत्नि के स्वामित्व की भूमि है, उक्त भूमि वर्तमान में आवेदक की पत्नि के नाम पर दर्ज नहीं है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेखो मे दर्ज किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तखतपुर, जिला बिलासपुर, छ.ग. के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया जो जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18.01.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

कार्यापालिक दण्डाधिकारी
सकरी

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// सूचना पत्र //**

रा.प्र.क्र. 202307075200001/31-631/2022-23
ग्राम अमेरी, तह सकरी जिला बिलासपुर छ.ग.


एतद द्वारा सूचना पत्र के माध्यम से अनावेदकगण बेला नायडू रजनी नायडू शिवकुमारी नायडू राधा नायडू पिसरान स्व. महेश नायडू निवासी- मोहतरा करगी रोड कोटा, हरि नायडू, राजेन्द्र नायडू, गीता बाई, अनिता, जानकी पिसरान-स्व. लखन, निवासी- अमेरीडीह, सौरभ नायडू, चन्द्रशेखर राहुल श्रीमती विजयलक्ष्मी पिसरा स्व. सुरेन्द्र को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रेमलाल नायडू पिता- केशो प्रसाद व 04 अन्य, निवासी- टिकरीपारा बिलासपुर, जिला- बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम अमेरी स्थित भूमि खसरा नं 340/1, 149/1 रकबा 0.036 0.020 हे. भूमि आवेदक के स्वामित्व की भूमि है। उक्त भूमि वर्तमान में अनावेदकगण श्रीमती (राजकुमारी नायडू वगैरह के नाम पर दर्ज हैं जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ. रा. तखतपुर में धारा 115 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है तथा जाँच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में अनावेदकगण बेला नायडू रजनी नायडू शिवकुमारी नायडू राधा नायडू पिसरान-स्व.महेश नायडू निवासी- बहोतरा करगी रोड कोटा, हरि नायडू, राजेन्द्र नायडू, गीता बाई, अनिता, जानकी पिरारान-स्व.लखन, निवासी- अमेरीडीह, सौरभ नायडू, चन्द्रशेखर, राहुल, श्रीमती विजयलक्ष्मी पिसरा स्व. सुरेन्द्र अपना दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 09/02/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसिन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
रायपुर: कटोरा तालाब स्वर्णिम नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर: सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रहन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन


मान. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री - लोक स्वास्थ्य यांत्रकी
विधि और विधायी कार्य
एवं नगरीय प्रशासन
बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कमल गुप्ता
डायरेक्टर-शौर्य कंस्ट्रक्शन
रामेश्वरम केशरी
आदित्य तिवारी
मनोज दुबे
पूर्व सदस्य-श्रम कल्याण मंडल
सौजन्य : शौर्य कंस्ट्रक्शन, सी.एल.सी. प्लाजा, मंगला चौक, बिलासपुर

**खबर संक्षेप**

## खनिज विभाग की कार्रवाई, 4 गाड़ियां जब्त



**बिलासपुर।** खनिज विभाग ने एक बार फिर कार्रवाई करते हुए 4 गाड़ियों को जब्त किया है। अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में इन पर करीब 2 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई रही है। खनिज विभाग की यह कार्रवाई कोनी और लमेर क्षेत्र में हुई। अवैध रेत उत्खनन के मामले में कोनी में 2 ट्रैक्टर और लमेर में 2 ट्रैक्टर पकड़ा गया। पकड़े गए वाहनों को कोनी थाने में रखा गया है। वाहनों को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार उक्त क्षेत्र से यदि अवैध रेत उत्खनन व परिवहन के मामले दर्ज होने पर पुनः एफआईआर अथवा कोर्ट में परिवाद दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।

### मोपका में सरकारी जमीन पर कर लिया गया था कब्जा

# अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका स्थित शासकीय जमीन पर अवैध प्लाटिंग, बेजा कब्जा मामले में शुक्रवार को बुलडोजर चला है। सुबह करीब साढ़े सात बजे से नगर निगम समेत राजस्व व पुलिस की टीम चार जेसीबी मशीन के साथ मौके पर कार्रवाई करने पहुंची और शाम तक अवैध प्लाटिंग, बेजा कब्जा पर बनाए गए झोपड़ी, मकान, सड़क और बाऊंड्रीवाल पर तोड़फोड़ की कार्रवाई चलती रही।

मोपका में शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा बढ़ता ही जा रहा था और यहां तक मोपका चर्च एवं धान मंडी के पास शासकीय जमीन पर अवैध प्लाटिंग भी की जा रही थी। धान मंडी के पास सुल्तान मलिक नामक व्यक्ति द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी और यहां पर लगभग 60 प्लाट काटकर बेचा जा रहा था। इसी तरह



मोपका में कार्रवाई करता निगम का अमला।

शासकीय भूमि पर 10 मकान, झोपड़ी बना ली गई थी और लगभग 5 एकड़ जमीन में प्लाटिंग कर सड़क एवं बाऊंड्रीवाल भी बना ली गई थी। नगर निगम के भवन शाखा, अतिक्रमण शाखा की टीम सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी सभी दलबल के साथ सुबह करीब साढ़े सात बजे मोपका कार्रवाई करने पहुंचे। यह टीम अपने साथ चार बुलडोजर लेकर पहुंची थी और एक-एक कर अवैध प्लाटिंग, बेजा कब्जा पर कार्रवाई करना शुरू की। अवैध प्लाटिंग कर बनाए गए सड़क को जेसीबी मशीन से खोद दिया गया। इसी तरह निर्माणाधीन मकान एवं बाऊंड्रीवाल को बुलडोजर से ढहा दिया गया है। सुबह से लेकर शाम तक यहां तोड़फोड़ की कार्रवाई चलती रही।

### शासकीय जमीन से किया गया बेदखल

मोपका पटवारी हल्का नंबर 19/29 स्थित शासकीय जमीन में से 2030 वर्गफीट जमीन पर श्रीमती रमशीला एवं 300 वर्गफीट जमीन पर भागवत साहू का बेजा कब्जा पाया गया है। बिलासपुर तहसीलदार के न्यायालय से इनके खिलाफ बेदखल किए जाने का आदेश पारित हुआ था। इसलिए बिलासपुर तहसीलदार ने उक्त शासकीय भूमि से 22 दिसंबर 2023 के पूर्व बेदखल कर पालन प्रतिवेदन दिए जाने जमादार माल को आदेश दिया था।

### हटाया गया है कब्जा

शासकीय जमीन पर आज निगम व राजस्व की टीम द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में तोड़फोड़ की कार्रवाई कर कब्जा हटवाया गया है। जिनका कब्जा नहीं हटाया है उनका कुछ न्यायालयीन मामला है इसलिए अभी कार्रवाई नहीं की गई।

-सुरेश शर्मा
भवन अधिकारी नगर निगम

# फिर बदला उसलापुर सड़क का नक्शा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजस्व विभाग द्वारा आरआई, पटवारियों की टीम गठित कर नए सिरे से कच्ची रेल लाइन वाली खसरा नंबर 1552 वाली जमीन का सीमांकन कराया गया है। तीन दिनों के माथा-पच्ची और हंगामा, बहसबाजी के बीच शुक्रवार को सीमांकन कार्य पूर्ण हो गया।

शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम फिर मौके पर सीमांकन के लिए पहुंची और गुरूवार को तक जमीन की नाप-जोख हुई थी, उसके आगे की नाप-जोख शुरू की, लेकिन जैसे ही संतोष सिंघानिया के मकान के पास जमीन की नाप-जोख शुरू हुई वैसे ही संतोष सिंघानिया सहित आसपास के लोग सीमांकन कार्य का विरोध करने लगे। इन लोगों द्वारा बिना चांदा-मुनारा के सीमांकन को नहीं मानने की बात कही जाने लगी और कुछ लोग पीछे रेलवे लाइन की तरफ से नाप-जोख करते आने तो कुछ लोग रोड की दूसरी तरफ से बेस बनाकर नाप-जोख करने की बात कही जाने लगी। इस तरह काफी देर तक वहां विवाद, हंगामा



मौके पर सीमांकन करते राजस्व विभाग के अधिकारी।

और बहसबाजी चलती रही। उसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने रोड के उस पार ग्रीन गार्डन के पीछे खेत से दूसरे खसरे नंबर की जमीन को बेस बनाकर 1552 खसरा वाली जमीन को नापना चालू किया। गुरूवार को ओव्हरब्रिज के आसपास नापी हुई थी, उसमें पुराने सड़क किनारे से 54 मीटर चौड़ाई नापी गई थी, जिसमें कई लोगों का सड़क की जमीन पर कब्जा आया। लेकिन आज सिंघानिया के मकान के पास से जो नाप की गई थी, उसमें दूसरे छोर पुराने सड़क किनारे से 48 मीटर चौड़ाई ली गई, जिसमें बहुत से लोगों का कब्जा बच रहा है। यहां तक पेट्रोल पंप के पास जो नाली बनाई गई है उसके इसी पार तक ही जमीन नापी में आई है। इसमें इस तरह जितने लोगों की पहले जो जमीन सड़क में जा रही थी वह अब बच रही है।

### दी जाएगी रिपोर्ट

खसरा नंबर 1552 वाली जमीन के नए सिरे से सीमांकन के लिए राजस्व विभाग की टीम गठित की गई थी। राजस्व टीम द्वारा आज उक्त जमीन का सीमांकन कार्य पूर्ण कर लिए जाने की जानकारी दी गई है। अब टीम द्वारा सीमांकन पश्चात पंचानामा और प्रतिवेदन तैयार कर सौंपा जा जाएगा।

-अतुल वैष्णव
तहसीलदार, बिलासपुर

## सीबीएसई देगा टेक्नोलॉजी और इनोवेशन अवॉर्ड

**बिलासपुर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन की ओर से टेक्नोलॉजी और इनोवेशन अवार्ड दिए जाएंगे। 7 जनवरी तक इसके लिए पंजीयन होगा। इसमें पहली पांच पोजीशन पाने वाले स्टूडेंट्स को कैश प्राइज भी दिया जाएगा। यह अवार्ड कक्षा 8वीं से लेकर कक्षा 12वीं के स्टूडेंट्स के लिए होंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म और लिंक बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। स्टूडेंट अपनी एंट्रीज 3 जनवरी तक भेज सकते हैं।






## 31 बिचौलियों से 576 क्विंटल धान जब्त
## मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई

- धान के अवैध परिवहन और बिक्री पर सख्ती

**बिलासपुर।** खाद्य विभाग ने धान के अवैध परिवहन और बिक्री पर सख्ती दिखाई है। विभाग के अधिकारियों ने जिले के अलग-अलग इलाकों में जांच कर 31 बिचौलियों को पकड़ा है और उनके पास से 576 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इस अवैध कारोबार में लिप्त व्यापारियों के खिलाफ विभाग ने मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

दरअसल, इस बार राज्य शासन ने धान का रकबा बढ़ा दिया है। लिहाजा, खरीदी केंद्रों में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। ऐसे में खरीदी केंद्रों में धान खपाने के लिए बिचौलिए सक्रिय हैं, जिसमें कई व्यापारी भी शामिल हैं, जो किसानों का धान खरीदकर खरीदी केंद्रों में बेच रहे हैं। इस बारे में शिकायत भी हुई थी। जिले में धान खरीदी को लेकर बिचौलिए सक्रिय होने की सूचनाएं मिलने के बाद कलेक्टर अवनीश शरण ने खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ ही राजस्व और पुलिस को इलाके में धान परिवहन करने वाले वाहनों की सख्ती से जांच करने के निर्देश दिए हैं।

### शिकायत के बाद सक्रिय हुई टीम

कलेक्टर के निर्देश के बाद खाद्य विभाग की टीम खरीदी केंद्रों के साथ ही धान परिवहन करने वाले वाहनों की लगातार जांच कर रही है। इस दौरान वाहन चालक और धान परिवहन करने वालों के दस्तावेजों की जांच कर रही है। जांच के दौरान टीम ने अब तक 31 व्यापारियों और बिचौलियों को पकड़ा है, जिनके पास से 576 क्विंटल धान जब्त कर मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की है। विभाग के अधिकारियों ने कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर के अंतर्गत 302 क्विंटल धान, कृषि उपज मंडी समिति कोटा के अंतर्गत 99 क्विंटल धान, कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर के अंतर्गत 96 क्विंटल धान जब्त किया है।










## खबर संक्षेप

### संत गुरुघासीदास ने दिया मानवतावाद का संदेशः रश्मि



**तखतपुर।** संत गुरूघासी दास जयंती पर उड़ेला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रश्मि सिंह शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत गुरूघासी दास बाबा ने हम सभी को यह सीख दी कि व्यक्ति का जीवन परोपकार के लिए है और अपना पूरा जीवन बिना किसी हानि लाभ सोचे व्यक्ति को भलाई के कार्य में लगाना चाहिए। बाबा ने अपनी पूरी जीवन सत्य की साथ के लिए तथा लोगों को भेद मिटाकर एक साथ चलने की सीख देते हुए आगे बढ़े। बाबा गुरूघासी दास ने पूरे समाज में मानवतावाद का संदेश दिया तथा यह बताया कि सभी व्यक्ति एक दूसरे के सुखदुख में सहभागी बने और उन्हें साथ लेकर आगे बढ़े। व्यक्ति जीवन में कुछ भी हासिल कर ले पर उसका वह भलाई में उपयोग न कर सके तब सब यह बेकार लगता है भलाई के लिए दिया हुआ समय ही व्यक्ति का सबसे अमूल्य समय होता है। इस अवसर पर सरपंच दुरजराम कुर्रे, देवकली कुर्रे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विभागों ने स्टाल लगाकर दी केंद्र की योजनाओं की जानकारी



**तखतपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सांस्कृतिक भवन प्रागंण में विभागों की ओर से स्टाल लगाए गए तथा योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ आम लोगों को मिले और यदि कोई पात्र हितग्राही लाभ से छूट गया है तो उसे इस शिविर के माध्यम से लाभ दिलाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य आमजन को केंद्रीय योजनाओं की जानकारी देकर उससे जोड़ना है। आगे उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार मोदी की गारंटी पर शपथ ग्रहण दिवस से ही काम प्रांरभ कर दिया है। पहली हस्ताक्षर 18 लाख प्रधानमंत्री आवास के लिए किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने विभाग से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। शिविर को एसडीएम महेश शर्मा, प्रदीप कौशिक, कृष्ण कुमार साहू, अशोक ठाकुर ने संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर उज्जवला योजना के हितग्राहियों को गैस सिलेण्डर भी वितरित किया गया।

### क्रिकेट मैच प्रतियोगिता में जीते तखतपुर के शिक्षक



**तखतपुर।** जिला स्तरीय शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच कोटा एवं तखतपुर के बीच हुआ जिसमें तखतपुर के टीम ने 10 ओवर में 156 रन बनाएं इसके जवाब में कोटा की टीम ने 136 रन बनाकर 20 रन से पराजित हो गए। मैन ऑफ द मैच जेपी मानिकपुरी रहे। विगत 4 वर्षो से किया जा रहा है जिसमें तखतपुर के टीम ने तीन बार फाइनल में जीतकर विजेता बने रहे, इस वर्ष जिला स्तरीय मैच के संयोजक आनंद तिवारी जी रहे। समापन समारोह में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं जिला प्रभारी दिनेश राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कौशिक, बाबा गोस्वामी,वल्लभ रजक, मनोज पवार, अतिथि के रूप में रहे। प्रतियोगिता में तखतपुर टीम के कप्तान अमलेश पाली जयप्रकाश मानिकपुरी, अनीश कौशिक, लकड़ा, सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### स्थानीय उत्पादों के निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला



**मुंगेली।** भारत सरकार के निर्देशानुसार डॉ. व्ही. श्रमण एडिशनल डायरेक्टर जनरल अफ फरेन ट्रेड नागपुर के नेतृत्व में डीजीएफटी टीम द्वारा स्थानीय उत्पादों के निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए आज जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान प्रजेंटेशन के माध्यम से डीजीएफटी के कार्य, उद्देश्य एवं स्कीम, वस्तुओं के आयात–निर्यात (आईईसी) के लिए पोर्टल में पंजीयन एवं कस्टम की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीजीएफटी का उद्देश्य समुदायों की निर्यात क्षमता की पहचान करना और विकास के अवसर देना, विदेश व्यापार नीति बनाना और समन्वय करना, आयात और निर्यात के लिए लाइसेंस प्रदान करना, देश के निर्यात और आयात को विनियमित और प्रतिबंधित करना इत्यादि शामिल है। कार्यशाला में आयात निर्यात में भारतीय डाक निर्यात बैंक की भूमिका, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विकास के कार्य और उनके विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मेनका प्रधान ने कार्यशाला में उपस्थित उद्यमियों को जिले से ज्यादा से ज्यादा निर्यात के लिए प्रोत्साहित करते हुए कार्यशाला का लाभ उठाने की बात कही।

## जर्जर व गड्ढेयुक्त सड़क से नागरिक परेशान

# पड़ाव चौक से बायपास लोरमी रोड की हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जर्जर एवं गड्ढेयुक्त सड़क को लेकर नागरिक परेशान है। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते सड़क के गड्ढो की भी मरम्मत नहीं हो पा रही है। शहर के मुख्य मार्गो में सड़कों की स्थिति यह है कि गड्ढे और सड़क में फर्क करना मुश्किल हो गया है। लोक निर्माण विभाग प्रतिवर्ष सड़क मरम्मत के नाम से लाखों रूपये पेचवर्क के नाम से निकालती है। लेकिन सड़क के मुख्य मार्ग पर स्थापित गड्ढे हकीकत को बयां करते रहता है।

पड़ाव चौक से बायपास लोरमी रोड में जाने वाली सड़क बहुत अपडाउन है, इस मार्ग पर सड़क में बड़े–बड़े गड्ढे है जो यातायात को प्रभावित करता है। यह स्थल दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस मार्ग पर अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी है, दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु भी हो चुकी है। वर्तमान में इस संड़क पर इतने गड्ढे. हो चुके हैं कि इस मार्ग पर आवागमन करना बेहद खतरनाक हो गया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उर्मिला रमेश यादव ने कहा कि सड़क इतनी खराब हो गई है कि मरम्मत से काम नहीं चलने वाला। इस मार्ग पर अक्सर आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क के गड्ढों से अधिकारी अनभिज्ञ है। स्कूल आने–जाने वाले छात्र–छात्रएं भी आये दिन दुर्घटना के शिकार होते रहते है। उल्लेखनीय है कि आगर नदी पर लोरमी रोड पर नया पुल बनने के बाद इसे मिनी बाइपास के रूप में विकसित किया गया। इस मार्ग को शहर के बींच से गुजरने वाले नेशनल हाईवे के बड़े वाहनों के लिए वन वे किया गया। जिसके चलते इस मार्ग से भारी वाहन गुजरने लगे। इसके बाद से यह सड़क खराब होने लगी। भारी वाहनों के चलने से सड़क उखड़ने लगी तथा बड़े–बड़े गड्ढे होने लग गए तथा सड़क पर धुल का गुबार एवं गड्ढो की भरमार है। इस संड़क को नए सिरे से बनाने की जरूरत है तब कहीं जाकर सड़क दुरूस्त हो पाएगी। शहर मे अनेको सड़क को लेकर को समस्या रहीं है। यहां समस्या पिछले 5 वर्षो से बना हुआ है, कुछ समय पहले कुछ सडको का काम तो कराया गया। जिसमें काम इतना घटिया किया गया था कि सड़क कुछ ही दिनों के बाद उखड़ गई। जिले में पदस्थ लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जिला मुख्यालय में न रहकर दूसरे जिलों से कार्यालय आकर खानापूर्ति करते है। नगर व क्षेत्र की इन गड्ढेयुक्त सड़क की समस्याओं से अनभिज्ञ रहते है। इन समस्याओं के प्रति जनप्रतिनिधिगण भी मजबूरीवश कुछ नहीं बोल पाते। जिसका खामियाजा आम नागरिकों को उठाना पड़ता है।



लोरमी बायपास की गड्ढेयुक्त सड़क।

**यात्रियों को असुविधा :** पड़ाव चौक से पण्डरिया–जबलपुर राष्ट्रीय मार्ग पर सेंट जेवियर्स स्कूल के आगे पानी टंकी के पास की सड़क में कई गड्ढे होने से प्रतिदिन यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस स्थल पर अनेक बड़े गड्ढे है। जिसके चलते चारपहिया वाहनों को इस स्थल से गुजरने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। दिन में दुर्घटना की संभावना बनी हुई है रात में यह स्थल दुर्घटना के लिए अतिसंवेदनशील दुर्घटना स्थल के रूप में प्रख्यात है। नंदी चौक की सड़क इतनी खराब है छोटी–मोटी घटना होती रहती है।

### दाऊपारा से आने वाली सड़क डेंजर पाइंट

जिला सहकारी बैंक के पास गड्ढे हो गये है। इस स्थल पर दाऊपारा से आने वाले सड़क ढाल पर है। दूसरी छोर पर पुल से आने वाली सड़क इस गड्ढें से आकर मिलती है। पुल से गड्ढे तक आने वाली सड़क भी उतार पर है जिससे इस स्थल पर वाहनों की गति ढाल की वजह से ज्यादा होती है जिससे इस स्थल पर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। गड्ढों वाले इस स्थल पर आटो पलटने की दुर्घटना हो चुकी है। यही गड्ढा कई छोटी दुर्घटनाओं को अंजाम दे चुका है। बड़ी दुर्घटना होने की संभावना यहां बनी हुई है।



## नई सड़क से वार्डवासियों को मिलेगी सहूलियत

**तखतपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड क्रमांक एक बंगलापारा रोड में निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। रोड राजू जॉर्ज के घर से शाहिद राइस मिल मेन रोड तक 5.91लाख रुपए में बन रहा है। पुराने बने हुए रोड उखड़ गए थे जगह-जगह गड्ढे थे जिसे देखते हुए वार्ड वासी परेशान थे।

पार्षद के प्रयास से रोड निर्माण प्रारंभ किया गया है। पार्षद ने नगर पालिका में रोड निर्माण के लिए आवेदन किया और साथ ही जल्द ही रोड बनाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी से अपनी बात रखी थी। पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने वार्ड वासियों के साथ पूजन कर रोड प्रारंभ किया। इस अवसर पर कोमल सिंह ठाकुर ने कहा कि सबका साथ सबका विकास ही हमारा लक्ष्य है न जाति न भेद जन सेवा हमारा उद्देश्य के साथ हम कार्य करते हैं। वार्ड के सभी हितग्राही हमारे लिए देवतुल्य वार्ड की हितग्राहियों ने चुनकर भेजा है जिनकी सेवा हमारी जिम्मेदारी है इस उद्देश्य के साथ रोड प्रारंभ है और आगे भी वार्ड के विकास में कोई कमी नहीं होगी। इस अवसर पर हिरेंद्र कश्यप, विश्वनाथ यादव, अनिल सिंह ठाकुर, अजय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।


## जिला अस्पताल से आक्सीजन पाइप लाइन की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला चिकित्सालय में स्थापित 500 एलपीएम आक्सीजन प्लांट की कापर पाइप लाइन चोरी होने की सूचना सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई। एमसीएच हॉस्पिटल में अचानक ऑक्सीजन पाईप लाईन में गड़बड़ी आने से स्वास्थ्यकर्मी परेशान हो गए।

जिला चिकित्सालय में स्थापित 500 एलपीएम आक्सीजन प्लांट कापर पाइप लाइन को 28 दिसम्बर को शाम 7 से 9 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी की गई एवं तांबे के पाईप को काटकर ऑक्सीजन पाईप लाईन को प्रभावित किया गया। बताया जाता है कि 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल के नसिंर्ग स्टाफ द्वारा 28 दिसम्बर को शाम 8 बजे के आसपास अक्सीजन प्रेशर लो होने की सूचना दी गई। उसके उपरांत आक्सीजन प्रेशर लो होने का कारण ढुंढा गया। लेकिन कहां पर पाईप लाईन लिकेज है रात्रि होने की वजह से नहीं मिल पाया।

जिसे पुनः अगले दिन 29 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से ढुंढने पर 500 एलपीएम अक्सीजन प्लांट के अंदर एवं बाहर का पाईप लाईन क्षतिग्रस्त मिला एवं लगभग 13 मीटर कपर पाइपलाईन काटकर साथ में ले गया है तथा अक्सिजन प्लट की सुरक्षा घेरा जाली भी टूटा हुआ मिला। अक्सीजन प्रेशर लो होने के कारण अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों एवं शिशु रोग विभाग एसएनसीयू नवजात शिशुओं जो कि अक्सीजन में भर्ती थे जिन्हें बहुत परेशानी हुई एवं इलाज में बाधा उत्पन्न हुई।



पाइप को काटकर ले गए चोर।

## रासेयो के छात्रों ने गांव में की सफाई

**सेतगंगा/मुंगेली।** राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बैहरसरी में संपन्न किया गया।

एनएसएस का थीम–नशा मुक्त समाज के लिए युवा, संपूर्ण स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एनडी कुर्रे, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत दिनेश पात्रे के द्वारा समापन किया गया। एनएसएस के छात्र–छात्र दलनायक विवेक, उप दल नायक ज्ञानचंद खंडे सहित विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी अमित प्रसाद बंजारा के द्वारा सभी स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य एवं समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम प्रेरणा स्त्रेत स्वामी विवेकानंद संस्कृति एवं कला से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुआ नृत्य, कर्मा, पंथी आदि रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति एनएसएस के छात्र–छात्रओं द्वारा की गई। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. रामबाबू मिश्रा के द्वारा सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया गया।



साफ–सफाई करते एनएसएस के छात्र।

## महीने की पहली तारीख को बंद रहेंगे आटो पाट्र्स, रिपेयरिंग व सर्विसिंग सेंटर

**लोरमी।** नगर के सभी ऑटो पाट्र्स एवं मोटरसाइकिल रिपेयरिंग, सर्विस सेंटर दुकानदार की बैठक मानस मंच में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से हर महीने के 1 तारीख को सभी प्रतिष्ठान, मोटरसाइकिल रिपेयरिंग, सर्विसिंग सेंटर एवं ऑटो पाट्र्स की दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया गया है। बैठक में यूनियन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अन्य पद के संबंध में एवं यूनियन के रजिस्ट्रेशन सहित अन्य विषय पर चर्चा हुई। जिसे आगामी बैठक में विचार करने हेतु निर्णय लिया गया। बैठक में, दिनेश कश्यप, महेंद्र कश्यप, नर्मदा कश्यप, मोटू गुप्ता, सोहन डड़सेना, सुनील अहिरवार, दादू साहू, लक्ष्मी जयसवाल, सोमू यादव राजीक खान, मनोज गुप्ता वसीम खान, सहित लोरमी नगर के सभी मिस्त्री एवं ऑटो पाट्र्स व्यापारी बंधु मौजूद रहे।



## जवाहर नवोदय विद्यालय में करियर गाइडेंस और मेंटल वेल बीइंग कार्यक्रम

**मल्हार।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में शुक्रवार को करियर गाइडेंस और मेंटल वेल बीइंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में यूनिक अकादमी रायपुर के डायरेक्टर सुयश ठाकुर विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव और उपप्राचार्य पी शंकरी ने अतिथियों का स्वागत किया। सुयश ठाकुर गाइडेंस और काउंसलिंग के क्षेत्र में प्रदेश की जानी मानी हस्ती हैं। उन्होंने इस अभूतपूर्व सेशन में विद्यार्थियों को विभिन्न करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी व अनेक नए खुल रहे अवसरों के बारे में बताया तथा स्वरोजगार के लिए भी उन्हें प्रोत्साहित किया और कई सवालों के जवाब दिए उन्होंने अपने सेशन में विभिन्न सूत्रात्मक, प्रेरणादायक बातें कहीं उन्होंने कहा कि किसी के प्रभाव में नहीं बल्कि अपने स्वभाव में रहिए या फिर लर्निंग इज अर्निंग आदि परीक्षाओं का सामना कीजिये, उन्होंने कई व्यावहारिक सूत्र विद्यार्थियों को बताया जिसमे किस प्रकार विद्यार्थी अपने लिए उपयुक्त करियर क्षेत्र का चुनाव कर सकते हैं, श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों से मेमोरी विकसित करने के लिए कुछ सहज तकनीकों पर चर्चा की। साथ ही किशोरावस्था से जुड़ी कुछ मानसिक परेशानियों पर भी बात की। श्री ठाकुर के साथ यूनिक अकादमी के मार्केटिंग प्रमुख चिन्मय भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य बिंदुओं को समेटते हुए विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को चर्चा के निष्कर्षों को आत्मसात करने का आह्वान किया और आगे भी इस प्रकार के आयोजनों का भरोसा दिलाया। उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन विद्यालय कप्तान आकाश के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## जुआ खेल रहे दस आरोपियों के कब्जे से 61 हजार जब्त

**लोरमी।** पुलिस ने जुआ खेल रहे 10 आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से 61 हजार रुपए, 4 बाइक व 10 नग मोबाइल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार थाना लोरमी द्वारा ग्राम तुलसाघाट में दबिश देकर जुआ खेल रहे महेन्द्र सिंह चौहान, बलराम सिंह, संदपी कश्यप, पुरूषोत्तम यादव, राजेश साहू के कब्जे से 30 हजार 5 सौ रुपए, 2 बाइक एवं 5 नग मोबाईल जब्त किया है। इसी प्रकार ग्राम तुलसाघाट नर्सरी के पास दबिश देकर अमन खरे, संतोष सत, विजय काठले, मुकेश पाठक, भगऊराम जायसवाल को जुआ खेलते पकड़ा गया है। उनके कब्जे से 30 हजार 530 रुपए, 2 बाइक एवं 5 नग मोबाईल जब्त कर जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है।



### गांवों में ग्रामवासियों ने किया स्वागत, कई जगहों पर स्वागत की तैयारी में जुटे लोग

# पथरिया क्षेत्र हुआ राममय, गांव-गांव तक पहुंचेगा अक्षत कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

अयोध्या में राममंदिर पर भगवान श्रीराम चंद्र के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पथरिया क्षेत्र पूरा राममय हो चुका है।

नगर से लेकर गांवों तक भगवान श्रीराम के आराधना हो रही है, इसी के सापेक्ष अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश का वितरण पथरिया से विभिन्न गांवों से आये रामभक्त प्रतिनिधियों को सौंपा गया, जिसके तहत दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से पूजित अक्षत कलश यात्रा निकलकर बस स्टैंड होते हुए मां महामाया मन्दिर चोरभट्ठी पहुंचा, यात्रा के दौरान नगरवासियों ने अपने घरों के सामने पूजा अर्चना किया साथ ही पुष्प वर्षा कर नारियल चढ़ाए, जिसके बाद गांवों से आये प्रतिनिधियों को अक्षत कलश, राममंदिर की फ़ोटो और आमन्त्रण पत्र सौंपा। इस दौरान, भूलनकापा, बेढ़ाकापा, भरेवा, देवरी, दलपुरवा, पीड़ा, पेटुलकापा, पौसरी, पुटपुरा, सहित 12 गांवों को वितरण के टोली मौजूद, कीर्तन भजन के साथ जनजागरण समिति के सदस्यों ने जय श्रीराम के नारे लगाए, इस दौरान निश्चल गुप्ता, जसपाल छाबड़ा, गणेश सोनी, अजय यादव,अजय निर्मलकर बलराम जायसवाल, ओमू दीवान, रघु वैष्णव, शिव जायसवाल, गुड्डा पाली, सौरभ गुप्ता, कुशाल यादव, गंगाराम साहू,भरत साहू, योगानंद साहू, डॉ नंदकिशोर शर्मा, राहुल जायसवाल, प्रमोद साहू, ज्वाला केशरवानी, गया डड़सेना, रजनीश पांडेय, सोहन साहू, मेलाराम डड़सेना, भावेश गुप्ता आदि मौजूद थे।



### आज मल्हार पहुंचेगी यात्रा

**मल्हार।** केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा आज शनिवार को मल्हार पहुंचेगी जिसके लिए मेला चौक में नगर पंचायत मल्हार द्वारा शिविर का आयोजन किया गया है। सीएमओ किरण पटेल ने बताया कि मेला चौक में आयोजित शिविर में पीएम स्वनिधि योजना, हेल्थ केम्प, आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेशन, पीएम उज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा भारत सरकार द्वारा संचालित सभी प्रकार के योजनाओं के सम्बंध में जानकारी देने के साथ ही लोगों से आवेदन लिया जाएगा।

## विकसित भारत यात्रा पहुंची रहंगी

**लोरमी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ ग्राम पंचायत रहंगी पहुंचा। यहां बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने पूजा अर्चना के साथ रथ यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वाश दुबे तथा विशिष्ट अतिथि जिला मंडल उपाध्यक्ष धनीराम यादव जी प्रदीप मिश्रा का स्वागत के साथ किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री कांटले के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वाश दुबे थे। प्राथमिक माध्यमिक शाला रहंगी के छात्र और छात्राओं ने मनोरंजक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अभिजीत तिवारी और श्री कांटले के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रहंगी की सरपंच गोकुल मेलन साहू, सचिव कुशल यादव, लाखासर के सरपंच हलधर वर्मा, हेमलाल तिवारी ,रोहित शर्मा ,कार्यक्रम प्रभारी नामदेव, एवं बड़ी संख्या में विभिन्न विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

